Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

Title : Need to operate more flights in Chhattisgarh and also to undertake widening of airstrips in Bilaspur.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मैं पहले मध्य प्रदेश राज्य के बारे में बताना चाहूँगा। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले ि वलासपुर जिला मध्य प्रदेश में था और विलासपुर जिले में 18 सीटर हवाई जहाज चलते थे, चक्करभाटा उसका एयरोड्रम है। उसके बाद वहां 18 सीटर हवाई जहाज बन्द कर दिए गए और छत्तीसगढ़ राज्य बना। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की संख्या और उनके ि वकास को देखते हुए वहां हवाई जहाज सेवा शुरू किए जाने की आवश्यकता है।

विलासपुर में एचसीएल का आफिस है, विलासपुर में हाईकोर्ट, रेलवे जोन का जोनल ऑफिस भी हैं। वहां सीपत में एनटीपीसी के कारखाने हैं और कोरबा में भी विद्युत कारखाने हैं। वहां औद्योगिक दृटिकोण से लोगों का आवागमन प्रायः लगा ही रहता है, जिसके लिए लोग ह वाई यात्रा नहीं कर पाते हैं, जिसकी वजह से आने-जाने में लोगों के करोड़ों रूपए खर्च हो जाते हैं। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए, मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूँ कि या तो वहां 18 सीटर हवाई जहाज पुनः चलाए जाएं या फिर विलासपुर की चक्करभाटा हवाईपट्टी का चौड़ीकरण करके नयी हवाई जहाज चलाने के लिए स्वीकृति दी जाए।

सभापति महोदय : श्री हरिभाऊ राठौड़ - उपस्थित नहीं।